NBT

गरीब बच्चों को दाखिले आज से

शहर के 92 स्कूलों में 234 पात्र बच्चों की सूची जारी

■ एनबीटी, लखनऊ : राइट टु एजुकेशन के कानून में कक्षा एक से दाखिला देने का नियम था। इस बार से इसमें बदलाव करते हुए इसमें नर्सरी को भी शामिल किया गया। शासन के निर्देश के बाद आरटीई के तहत एडमिशन पाने वाले 234 बच्चों की सूची जारी कर दी गई, जिनके दाखिले सोमवार से शुरू होंगे। 234 में से 171 दाखिले नर्सरी में हुए हैं जबकि बाकी के क्लास एक में।

92 स्कूलों की सूची में कई बड़े स्कूलों के नाम भी शामिल हैं। इसमें सर्वाधिक 42 दाखिले आरएलबी स्कूल की पांच शाखाओं में हुए हैं। सीएमएस की 10 शाखाओं में 19 दाखिले हुए है। इसके अलावा डीपीएस में 1, स्टडी हॉल में 3, जयपुरिया स्कूल में 4, शेरवुड में 1, पायनियर में 7, एलपीएस में 5, एलपीसी जॉपलिंग रोड में 1, एसकेडी में 1 और सेंट्रल एकेडमी में 1 दाखिले के लिए नोटिफिकेशन निकाला गया है। हालांकि शिक्षा विभाग के मुताबिक 40 बच्चों को एडमिशन नहीं मिल सका है क्योंकि उनकी उम्र छह साल से अधिक थी। बीएसए प्रवीण मणि त्रिपाठी का कहना है कि अब तक दो सूची जारी की जा चुकी है। सात सौ से अधिक फॉर्म का वैरिफिकेशन चल रहा है।